श्री कलराज मिश्र

माननीय राज्यपाल, राजस्थान का उद्‌बोधन

कोविड–19 के संकट काल में व्यापारियों से संवाद

दिनांक 27 मई, 2020 **समय दोपहर : 01.00 बजे**

स्थान : राजभवन, जयपुर

श्री बी सी भरतिया जी अध्यक्ष, श्री प्रवीण खण्डेवाल जी महासचिव, श्री सत्य भूषण जैन जी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,व्यापारी भाइयों और बहिनों।

कोरोना संक्रमण की इस विषम परिस्थितियों में राष्ट्रीय लॉक डाउन के मध्य तथा अन्य मोर्चों पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने त्वरित सक्रियता से राष्ट्र को सबल नेतृत्व प्रदान किया। केंद्र सरकार ने समय–समय पर अनेक आवश्यक कदम उठाये। इस कारण से विश्व के अन्य राष्ट्रों की तुलना में भारत को कोरोना से बेहद कम हानि हुई है।

कोरोना वैश्विक महामारी का यह विषय अत्यंत चिन्ताशील है। प्रधानमंत्री के आव्हन पर देश के व्यापारियों ने कोरोना संक्रमण के खतरे की परवाह न करते हुए लॉक डाउन में प्रत्येक नागरिक को जरूरी वस्तुओं को उपलब्ध कराना लगातार जारी रखा। जिसकी प्रधानमंत्री जी ने भी अपने विभिन्न ट्वीट द्वारा प्रशंसा की है। मैं इस कार्य के लिए आप सभी को साधुवाद देता हूं।

राष्ट्रीय लॉक डाउन के पहले दिन से ही कॉन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने देश के सभी राज्यों के प्रमुख व्यापारी प्रतिनिधियों से वीडियो कांफ्रेंस द्वारा संवाद जारी किया। यह सराहनीय है।

अभी भी प्रतिदिन इस संवाद को आप लोग जारी रखे हुए हैं। मुझे बताया गया है कि आज तक कैट ने 62 वीडियों कांफ्रेंस कर ली हैं। निरंतर संवाद जारी रखने से वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति करने में काफी मदद मिलती है। भ्रांतियां दूर होती हैं।

लॉक डाउन की अवधि में व्यापारियों को विभिन्न वित्तीय दायित्वों को पूरा करना होगा, इसके लिए व्यापारियों को धीरज का परिचय देना होगा। वे अपना व्यापार नये सिरे से शुरू करें। सरकार द्वारा व्यापारियों के व्यापार की सुरक्षा करने के लिए बेहतर कदम उठाये जा रहे है। हम सभी को इस महामारी से निपटने में एकजुटता का धैर्य के साथ परिचय देना है।

धन्यवाद। जयहिन्द।